



# बड़वानी पुलिस की नशामुक्ति मुहिम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स में दर्ज

**बड़वानी, ( नवभारत )।** **मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत बड़वानी पुलिस ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।**

एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिलेभर के स्कूली बच्चों ने 16700 ड्राइंग शीट्स पर चित्रकला और स्लोगन के जरिए नशामुक्ति का संदेश दिया। इस अभिनव रचनात्मक पहल को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।

बावनगजा में आयोजित भव्य समारोह के दौरान वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन की टीम (चार्टर्ड ऑफिसर राजीव श्रीवास्तव) ने एसपी पद्मविलोचन शुक्ल को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने इस अभियान को सामाजिक जागरूकता का उत्कृष्ट और प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

राजेश शुक्ला और पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भाषणों के बजाय रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को जोड़ना इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत रही। कार्यक्रम में अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

### इस अवसर पर यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर, डीएसपी महेश सुनैया, एसडीओपी अजय वाघमारे, रक्षित निरीक्षक उषा सिसोदिया सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय के आसपास पसरी गंदगी

**पानसेमल, ( नवभारत )।** जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय ओसवाड़ा में विद्यालय भवन परिसर के आसपास पसरी गंदगी से ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने आपत्ति जताई है एवं व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार की मांग की है। परिजनों ने बताया कि विद्यालय का एक भवन काफी पुराना है तथा दूसरे भवन की छत से पानी टपकता है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त भवन से एक बार प्लास्टर निकलने की घटना भी हो चुकी हैं। विद्यार्थियों के लिए पेयजल के लिए भवन के ऊपर रखी पानी की टंकी भी कई महीनों से साफ नहीं की गई है। इसमें गंदगी नजर आ रही है।

इस विषय पर बीआरसी जितेंद्र बाविसकर से पूछने पर उन्होंने कहा कि मैं निवाली हूं जानकारी लेने के बाद ही कुछ कह सकता हूं। ग्रामीणों ने बताया कि एक ओर उत्तम शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर शासन प्रशासन निरंतर प्रयास कर रहा है। वहीं दूसरी ओर जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। परिसर में बने बाथरूम की छत भी नहीं होने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा दी गई है। जिसमें सरिए तो लगे हैं छत नहीं डाली गई, जानकारी लेने पर बताया गया कि इसका निर्माण 50 से 56 हजार की लागत से 2012 के आसपास हुआ है, लेकिन उसमें बने बाथरूम पर छत डालना है या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। केवल शौचालय पर ही छत डाली जानी थी। ग्रामीणों ने इसकी भी जांच की मांग उठाई है। जिसका समाधान किया जाए, शीघ्र समाधान नहीं होने पर उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के पास शिकायत करने की जानकारी दी है।



### कीचन रूम का गिरने लगा प्लास्टर, घर से बनाकर ला रहे भोजन

शिक्षक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पानी की व्यवस्था अलग से स्टील की टंकी रखकर की जाती हैं। विद्यालय में उपस्थित शिक्षक बसंत कोली ने बताया कि विद्यालय में 42 छात्र-छात्राओं की संख्या दर्ज है, एक अतिथि शिक्षक रानू वर्मा कक्षाओं का संचालन करते हैं। अभिभावकों ने बताया कि परिसर के निकट ही नाली के पास लगे एक नल से पेयजल की व्यवस्था की जाती है। वहां स्थित शौचालय में भी गंदगी दिखाई दी। विद्यालय परिसर के कीचन रूम का भी प्लास्टर गिरने लगा है, जिसके कारण भोजन घर से बनाकर लाया जा रहा है।

# सफलता दिखती है, पैर के छाले नहीं

**बड़वानी, ( नवभारत )।** स्थानीय कॉलेज के कॅरियर सेल द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा जब कोई युवा आईएएस या आईपीएस बनता है, तो दुनिया उसकी सफलता देखती है, लेकिन उसके पीछे का कड़ा संघर्ष और पैरों के छाले किसी को नहीं दिखते। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।



कॅरियर सेल के मार्गदर्शन कार्यक्रम में बोले एसपी शुक्ल

### सदैव मार्गदर्शन का आश्वासन

एसपी शुक्ल ने विद्यार्थियों को निरंतरता, सकारात्मक सोच, दैनिक समाचार पत्र पढ़ने और अनुशासन का महत्व समझाते हुए प्रतिदिन 18 घंटे का सदुपयोग लक्ष्य प्राप्ति में करने की सलाह दी। उन्होंने संस्था की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए सदैव मार्गदर्शन का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी महेश सुनैया, टीआई बलजीत सिंह एवं भेरुलाल हम्मड़ विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्वागत गीत (आरती व हंसा धनगर) द्वारा किया गया।

मंच संचालन भोलू बामनिया एवं दिव्या जमरे ने कुशलतापूर्वक किया, जिससे प्रसन्न होकर एसपी शुक्ल ने उन्हें पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया। स्वागत भाषण जोया खान ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॅरियर सेल के कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# आज मनाएंगे गुरुपूर्णिमा

**बड़वानी, ( नवभारत )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में जिले के शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, चेतना केंद्रों पर गुरु पूर्णिमा पर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा। सामूहिक जप, ध्यान, साधना, पंच कुंडीय, 9 कुण्डीय गायत्री यज्ञ के साथ दीक्षा संस्कार जो मात्र संस्कार नहीं बल्कि जीवन को बदलने की दिव्य यात्रा है, दीक्षागृहण कराई जाएगी। साथ ही अन्य कार्यक्रम भी होंगे।

प्रांतीय प्रतिनिधि महेंद्र भावसार ने बताया कि गुरु पूर्णिमा श्रृद्धा, साधना और समर्पण का एक महान और पवित्र उत्सव है। जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर शांतिकुंज विशेष साधना अभियान को संचालित कर रहा है। जिले से 217 परिजनों द्वारा साधना अभियान में भागीदारी कर 2 करोड़ 71 लाख गायत्री मंत्र का जप 40 दिन की साधना में किया है। इस दौरान जिला समन्वयक विक्रम जमरे ने भी जानकादी देते बताया कि आदिवासी अंचल के परिजन अपने खर्च और 6 दिन की मजदूरी, खेती कार्य को छोड़कर शांतिकुंज पहुंचे है। 40 दिवसीय अनुष्ठान के शेष बचे साधक गुरु पूर्णिमा से अपनी साधना को करने के लिए संकल्प लेंगे।



# गणेशोत्सव के लिए तैयार हो रहीं भगवान की प्रतिमाएं

**बड़वानी।** गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर शहर सहित पूरे अंचल में तैयारियां शुरू हो गई हैं। घरों और सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित होने वाली प्रतिमाओं का निर्माण अब मूर्तिकारों ने शुरू कर दिया है। इससे कलाकारों को रोजगार मिलने की उम्मीद जगी है।

धोबड़िया तालाब क्षेत्र के पास मूर्तिकार इन दिनों सैकड़ों प्रतिमाएं बनाने में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार इस वर्ष 2 से 6 फीट तक की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। गणेश उत्सव समितियों से बड़े ऑर्डर मिलने पर इससे ऊंची प्रतिमाएं भी बनाई जाएंगी। फिलहाल 2 से 3 हजार छोटी-बड़ी प्रतिमाओं को आकार दिया जा रहा है। कलाकार इस बार भगवान गणेश के विविध स्वरूपों के नए सांचे भी तैयार कर रहे हैं। कई लोग अभी से प्रतिमाएं देखने पहुंच रहे हैं, जिससे सप्लायरों और अन्य व्यापारियों को भी लाभ मिल रहा है। इस बार कलाकार इको फ्रेंडली प्रतिमाओं का निर्माण अधिक कर रहे हैं। सरकारी गाइडलाइन और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं।



## आलीराजपुर

**एक नजर में**

### वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए सुझाव

**आलीराजपुर।** बारिश के दौरान जिले में जलभराव की स्थिति बनने से मच्छरों का प्रजनन तेजी से बढ़ जाता है, जिससे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य वेक्टर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर ने जिलेवासियों से सतर्कता बरतने तथा घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है। सीएमएचओ डॉ. अतुलकर ने बताया कि घरों, आंगनों, छतों, कूलरों, गमलों, टायरों, नारियल के खोल, टूटे बर्तनों एवं अन्य पात्रों में वर्षा का पानी जमा नहीं होने दें। कूलर का पानी सप्ताह में कम से कम एक बार अवश्य बदलें तथा पानी की टंकियों को ढंककर रखें। घर एवं आसपास जलभराव होने पर तत्काल निकासी की व्यवस्था करें। उन्होंने नागरिकों से मच्छरों के काटने से बचाव हेतु पूरे बाजू के कपड़े पहनने, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने तथा आवश्यकतानुसार मच्छर भगाने वाले उपाय अपनाने की सलाह दी। यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी अथवा अन्य असामान्य लक्षण दिखाई दें तो बिना विलंब नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में जांच एवं उपचार कराएं। सभी आवश्यक जांच एवं उपचार शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नि:शुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने स्व-चिकित्सा से बचने एवं चिकित्सकीय परामर्श लेने की भी सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए सर्वेक्षण, लार्वा स्त्रोतों का निरीक्षण, जनजागरूकता अभियान, आवश्यकतानुसार फॉगिंग एवं एंटी लार्वा गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं। विभागीय अमला क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को जागरूक भी कर रहा है।

# जनसुनवाई में 24 आवेदन, लेकिन सवाल यह कि समस्याओं का समाधान कब...

**आलीराजपुर। कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सोहन कनास ने जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देशों के साथ भेजा गया। नायब तहसीलदार मंजू डावर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।**

जनसुनवाई में सामने आए दो मामले व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल भी खड़े करते हैं। ग्राम फटला फलिया (चांदपुर) निवासी रंजना भिंडे ने बताया कि आधार कार्ड में नाम गलत दर्ज होने के कारण वे पिछले दो वर्षों से संशोधन के लिए प्रयासरत हैं। जन्म प्रमाण-पत्र जैसे वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनका नाम आज तक ठीक नहीं हो सका। दूसरी ओर, आलीराजपुर निवासी विमल वर्मा ने वर्ष 2015 में जारी डिजिटल जाति प्रमाण-पत्र में उपनाम दर्ज नहीं होने की त्रुटि सुधारने की मांग की। उनका कहना है कि इस लिपिकीय गलती के कारण उन्हें आईबीपीएस बैंक भर्ती में दस्तावेज सत्यापन के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ा। अपर कलेक्टर ने दोनों मामलों में संबंधित विभागों को जांच कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा भूमि विवाद, अतिक्रमण, वेतन, पेंशन, गिरवी रखी चांदी वापस दिलाने तथा अनुकंपा नियुक्ति सहित विभिन्न विषयों से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए।



### दो वर्ष में आधार कार्ड में हुआ सुधार

जनसुनवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था का ऐसा मंच है, जहां आम नागरिक प्रशासन से सीधे अपनी बात कहता है। लेकिन इसकी सार्थकता तभी है, जब वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान भी उतनी ही गंभीरता से हो। यदि एक व्यक्ति को आधार कार्ड में नाम सुधार के लिए दो वर्ष तक इंतजार करना पड़े और दूसरे को एक तकनीकी त्रुटि के कारण रोजगार के अवसरों में कठिनाई झेलनी पड़े, तो यह केवल व्यक्तिगत परेशानी नहीं बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की सुस्ती का संकेत भी है। अच्छी बात यह है कि प्रशासन ने दोनों मामलों में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अब असली परीक्षा संबंधित विभागों की है। यदि इन निर्देशों का समयबद्ध पालन होता है, तभी जनसुनवाई आमजन के लिए भरोसे का मंच बनी रहेगी। अन्यथा हर मंगलवार नई शिकायतें तो आएंगी, लेकिन पुरानी समस्याएं फाइलों में ही दबी रह जाएंगी।

# शासकीय आईटीआई सेजावाड़ा में युवा संगम कार्यक्रम

**आलीराजपुर।** संचालनालय कौशल विकास मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सेजावाड़ा, चंद्रशेखर आजाद नगर (भाबरा), जिला आलीराजपुर में एक दिवसीय युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 03 कंपनियों ने सहभागिता की। इस दौरान 82 युवा उपस्थित हुए, जिनमें से 24 युवाओं का प्रारंभिक रूप से चयन कर उन्हें ऑफर लेटर प्रदान किए गए। साथ ही जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग के प्रबंधक रोहित भिण्डे ने युवाओं को स्वरोजगार योजनाओं तथा जिले के औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध भूखंड आवंटन संबंधी जानकारी देकर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया।

### 24 युवाओं को दिए गए सर्विस के ऑफर लेटर



## 24 घंटे में 36.8 मिलीमीटर बारिश

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले में बीते 24 घंटे में प्रात: 08 बजे तक 36.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार वर्षा में आलीराजपुर में 48.2 मि.मी., जोबट में 32.3 मि.मी., उदयगढ़ में 18.3 मि.मी., चन्द्रशेखर आजाद नगर में 22.0 मि.मी., कट्ठीवाड़ा में 100.0 मि.मी. तथा सोण्डवा में 0.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। जिले में कुल 220.8 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई। जिले में 01 जून 2026 से 28 जुलाई 2026 तक 190.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# अब हर शुक्रवार जनता के बीच होगी सरकार, जनविश्वास अभियान शुरू

**आलीराजपुर।** मध्य प्रदेश सरकार ने योजनाओं की जमीनी मॉनिटरिंग के लिए जनविश्वास अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। यह अभियान अब से हर शुक्रवार को चलेगा।

सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी मंत्री, विधायक और अधिकारी शुक्रवार को फील्ड में उतरेंगे। इस दिन कोई बैठक नहीं होगी। कलेक्टरों को कार्यक्रम तय कराने की जिम्मेदारी दी गई है। अभियान के तहत ष्टरू हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, आयुष्मान योजना, जल जीवन मिशन और आंगनवाड़ी जैसी योजनाओं की सीधे समीक्षा होगी। सरकार का जोर संवाद, समाधान और संवेदनशीलता पर रहेगा। कार्यक्रम सादगी से होंगे, बड़े टेंट या ज्यादा खर्च नहीं किया जाएगा। मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों को प्राथमिकता देंगे।

# आलीराजपुर में निकली भव्य गौ सम्मान आव्हान यात्रा

### आंदोलन का तीसरे चरण में होगी भोपाल में सभा

**आलीराजपुर।** सोमवार सम्पन्न हुई गौ सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत निकाली गई यात्रा। इसके बाद एक ज्ञापन तैयार किया गया जिसमें प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश सरकार के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री महोदय के नाम 192000 डीजीटल हस्ताक्षरयुक्त पेनड्राईव प्रार्थना-पत्र के साथ सौंपा गया। यह पहला अवसर है जब इतने हस्ताक्षर पेनड्राईव के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपे जाने हैं।

गौसम्मान आव्हान यात्रा में रविदास समाज ने भी रामु तीनक और सुरसिंह सस्ते, नाना भगत के नेतृत्व में भाग लिया। गौ सम्मान आव्हान यात्रा में शामिल अभियान के सक्रिय कार्यकर्ता डॉ. के.सी. गुप्ता, नारायण सोमानी, मोहनलाल राठौड़, संतोष वर्मा, पूर्णिमा व्यास, अनिता राठौड़, चेतना राठौड़, माया राठौड़, नर्मदा राठौड़ ने बताया कि आंदोलन का अगला चरण 27 अक्टूबर को होगा। इस दिन पूरे प्रदेश से गौभक्त एवं जनता भोपाल पहुंचेगी, जहां पर विशाल सभा के साथ प्रार्थना-पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा। मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि भोपाल में भी सुनवाई न होने पर आंदोलन के चैथे व अंतिम चरण में पूरे देश के गौभक्त दिल्ली में रामलीला मैदान या जंतर-मंतर पर इकट्ठे होकर गाय माता को राष्ट्रमाता घोषित करने व अन्य मांगों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करेंगे और जब तक मांगे नही मांग लेती।



**एक नजर में** — धरमराय, कोटेश्वर, खेड़ा और बालीपुर आश्रमों में विशेष धार्मिक आयोजन, कई राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु

# गुरुपूर्णिमा पर निमाड़ की तपोस्थलियों में उमड़ेगी आस्था, हजारों श्रद्धालु करेंगे गुरु पूजन

**डही ।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर निमाड़ अंचल की प्रसिद्ध तपोस्थलियों में बुधवार को आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। क्षेत्र के धरमराय, कोटेश्वर, खेड़ा तथा बालीपुर स्थित आश्रमों में हजारों श्रद्धालु अपने-अपने गुरुओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। गुरुपूर्णिमा को लेकर सभी आश्रमों में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।

निमाड़ की इन तपोस्थलियों की ख्याति केवल मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु गुरु चरणों में नमन कर आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं तथा सत्संग, भजन-कीर्तन और प्रसादी में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। नर्मदा तट पर स्थित नारायण कुटी आश्रम, धरमराय ब्रह्मलीन महंत ईश्वरदत्तजी महाराज की तपोस्थली के रूप में विख्यात है। यहां प्रात:काल से गुरु पूजन, आरती, हवन-पूजन, सत्संग एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान के बाद आश्रम पहुंचकर गुरु वंदन करेंगे। इसी प्रकार ग्राम खेड़ा स्थित हरिहर फलाहारी बाबा की तपोभूमि भी श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां भी गुरुपूर्णिमा पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचनों का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। निसरपुर के समीप स्थित कोटेश्वर आश्रम, जिसकी स्थापना ब्रह्मलीन महंत कमलदास महाराज ने की थी, गुरुपूर्णिमा के अवसर पर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। वर्तमान में महंत अयोध्यादास महाराज के सानिध्य में आश्रम की धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। यहां दिनभर गुरु पूजन, सत्संग, भजन-कीर्तन तथा महाप्रसादी के आयोजन होंगे।



### आयोजन स्थल के पास सभी सुविधाएं...

वहीं मनावर क्षेत्र के बालीपुर स्थित ब्रह्मलीन महंत गजानंद महाराज की तपोस्थली पर भी हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यहां गुरु पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठान एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुरुपूर्णिमा को लेकर सभी आश्रमों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। आश्रम समितियों एवं स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा पेयजल, प्रसादी, वाहन पार्किंग, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाया गया है, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।